उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 09.05.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सलामी ली गयी। पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आज शुक्रवार को पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक परेड की भव्य सलामी ली गई। परेड के निरीक्षण उपरांत उन्होंने समस्त पुलिसकर्मियों की टोलीवार ड्रिल कराते हुए अनुशासन और एकरूपता के महत्व को रेखांकित किया।

मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा स्वयं परेड में सम्मिलित हुए और पुलिसकर्मियों के साथ दौड़ भी लगाई, जिससे सभी में उत्साह का संचार हुआ।

वर्तमान परिदृश्य को मद्देनजर रखते हुए परेड के दौरान विषम परिस्थितियों से निपटने की तैयारी हेतु दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं शस्त्रों के संचालन की जानकारी दी गई तथा बलवाइयों पर की जाने वाली कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। यह अभ्यास पुलिस बल की तत्परता और दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन परिसर का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेशी रजिस्टर की जांच की गई, निर्माणाधीन भवनों एवं पीआरवी वाहनों की स्थिति का जायज़ा लिया गया तथा साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में रजिस्टर पेशी के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम कर सम्बन्धित कर्मी को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, समस्त थाना प्रभारीगण एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।








## चलते हुए ऑटो में बैग से चोरी करने वाली 02 महिला अभियुक्ताओं को थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी किये हुए आभूषण सफेद/पीली धातु सहित नगद रुपये बरामद हुए हैं-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक-08.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक, श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक आटो जो रेलवे स्टेशन से कुछ लोग बैठ कर महोबा की ओर आ रहे थे कि बिलवई तिराहे के पास उसी ऑटो में बैठी 02 महिलाओं द्वारा ऑटो में रखे बैग जिसमें कुछ आभूषण पीली/सफेद धातु व कुछ रुपये रखे थे उनको चोरी कर लिया है, इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां 02 महिलाएं क्रमशः 1.ममता पत्नी बन्टी प्रजापति 2.कामिनी पत्नी सन्जू प्रजापति निवासीगण मोहल्ला रेलवे स्टेशन झांसी झोपड़ पट्टी थाना सिपटी बाजार जनपद झांसी को वादिया मुकदमा व उसके पति की सूझबूझ व समझदारी से संदिग्ध महिलाओं को थाना उपस्थित लायी जिनके कब्जे से चोरी गये 01 जोड़ी झुमका, 01 अदद नथिया, 04 अदद बिछुवा व 1000/- रूपया नगद बरामद कर गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तागण के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0स0- 212 धारा-303(2)/317(2) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्ताओं को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण:-

1. ममता पत्नी बन्टी प्रजापति
2. कामिनी पत्नी सन्जू प्रजापति

निवासी मोहल्ला रेलवे स्टेशन झांसी झोपड़ पट्टी थाना सिपटी बाजार जनपद झांसी

### बरामद माल:-

01 जोड़ी झुमका 01 अदद नथिया 04 अदद बिछुवा व 1000/- रूपया

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी बजरिया थाना कोतवाली नगर महोबा
2. का0 संजय सिंह 3. म0का0 शकुन्तला



## थाना खन्ना की पुलिस टीम वे मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 09.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास कि सूचना पर माननीय न्यायालय श्रीमान सि0ज0(जू0डि0) एफ0टी0सी0/महिला स0 महोबा द्वारा जारी एनबीडब्लू मु0न0 601103/10 धारा 147/149/283/341/504 आईपीसी व 7 क्रि.ला. से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी अभियुक्त जीतेन्द्र कुमार पुत्र रवीन्द्र कुमार अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना महोबा को ग्राम गयोड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जीतेन्द्र कुमार पुत्र रवीन्द्र कुमार अहिरवार निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना महोबा उम्र करीब 30 वर्ष

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2. हे लोकेश कुमार 0का03. कां0 अंकित कुमार



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 09.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी म0उ0नि0 दीक्षा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना महोबकंठ में पंजीकृत मु0अ0सं0 71/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त ऋषी कुमार पुत्र रामसिंह पाल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. मदीक्षा 0उ0नि0 होओमप्रकाश .गा.

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

ऋषी कुमार पुत्र रामसिंह पाल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर



## जुमे की नमाज व वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह सतर्क, विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर रही पुलिस की तैनाती, नमाज सकुशल हुई सम्पन्न...।

वर्तमान परिदृश्य को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आज दिनांक- 09.05.2025 दिन शुक्रवार को जनपद में जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। नमाज के समय जनपद के संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी रखी गई व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई।

प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों के आस-पास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जनपदीय पुलिस टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहीं और उनके द्वारा संवेदनशील स्थलों में फ्लैग मार्च किया गया।

शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु PAC एवं QRT की टीमों को भी सक्रिय रखा गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों की निगरानी रखी गई, जिससे भीड़ पर नियंत्रण एवं संभावित अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा सके।

**जनहित में अपील:-** जनपद पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल- 112 पर दें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय यातायात पुलिस टीम की तत्परता व यूनिक कोड की मदद से महिला यात्री का गुम हुये अनुमानित कीमत करीब 04 लाख रुपये (ज्वेलरी, नगदी व कीमती सामान से भरा) बैग को सकुशल बरामद कर महिला को सुपुर्द किया गया ।

## खोया हुआ बैग पाकर महिला द्वारा यातायात पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए किया गया हृदय से धन्यवाद।

## ई-रिक्शा के यूनिक कोड से आसान हुआ बैग बरामद करना।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा निरन्तर सामुदायिक पुलिसिंग के साथ ही उत्कृष्ट पुलिसिंग के उदाहरण पेश किये जा रहे है जिसके क्रम में आज दिनांक 09.05.2025 को जनपदीय यातायात पुलिस टीम अपनी ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आमजन का विश्वास एक बार फिर से मजबूत किया है।

आज दिनांक 09.05.2025 को श्रीमती संगीता पत्नी श्री पुरषोत्तम निवासी रैपुरा खुर्द थाना कोतवाली महोबा जो रामकथा मार्ग से ई-रिक्शा से बिलवई चुंगी तक गए थे, इसी दौरान भूलवश उनका बैग ई-रिक्शा में छूट गया था जिसमें सोने व चांदी के आभूषण (हार, झुमकी, अंगूठी, चेन, पायल) आदि थे जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4,00,000/- (चार लाख रुपये) थी, युगल दम्पति द्वारा घर में जाकर देखा गया तो जेवरात वाला बैग नही था संगीता और पुरषोत्तम द्वारा झलकारी बाई तिराहे पर आकर बताया गया कि जिस रिक्शा में वह बैठे थे उस रिक्शा में लाल रंग से 1609 नम्बर पड़ा था झलकारी बाई तिराहे पर ड्यूटी में नियुक्त यातायात आरक्षी ब्रजेश कुमार ने सम्बन्धित प्रकरण को प्रभारी यातायात श्री अरविन्द सिंह गौर को अवगत कराया गया, प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये महिला द्वारा बताये गये ई-रिक्शा पर पडें यूनिक कोड़ के आधार पर सम्बन्धित चालक की खोज करते हुये बुलाया गया तो बैग रिक्शा में ही रखा मिला।

रिक्शा चालक रियाज़ पुत्र अब्दुल रज्जाक नि0 जकरिया पीर थाना कोतवाली महोबा ने बताया कि उसके पास सवारी का मोबाइल नम्बर नही था इसलिए वह बैग ई रिक्शा में ही रखे हुए था। श्रीमती संगीता व पुरषोत्तम ने मौके पर अपना सामान, ज्वेलरी को चेक किया तो सामान पूरा था पीड़िता द्वारा बताया गया मेरा पूरा सामान बैग में सुरक्षित है।

पीडिता ने पुलिस की ईमानदारी और तत्परता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "मैंने उम्मीद ही छोड़ दी थी, लेकिन महोबा पुलिस ने असम्भव को सम्भव कर मेरी सोच बदल दी। यह कार्य प्रशंसा योग्य है।"

स्थानीय लोगों ने ईमानदार पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुये कहा कि "इस तरह के कार्य न केवल पुलिस की छवि को उज्ज्वल करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एंटी सेबोटोज, एलआईयू व जनपदीय पुलिस/पीएसी बल के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व प्रमुख महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहों पर पैदल गश्त व सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।**

**स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षित परिवेश का कराया गया एहसास।**

आज दिनांक 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में प्रमुख कस्बों, बाजार व मिश्रित आबादी वाले स्थानों में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से व्यस्तम भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्थानो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं महत्वपूर्ण/सार्वाजनिक स्थानों आदि मुख्य जगहों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उनसे संवाद स्थापित किया गया, इस दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल को तैनात किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रात्रि डयूटियाँ एवं रात्रि पुलिस मोबाइल द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

इस दौरान आमजन से अपील की गयी सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी, भ्रामक, अपुष्ट खबरों को प्रसारित करने से बचें, यदि किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह की पोस्टों को प्रसारित करने का प्रयास किया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

